ECONOMICS TIMES N.D 4/5/18

MRF का नेट प्रॉफिट 20% बढ़कर ₹345 करोड़

नई दिल्ली: टायर निर्माता कंपनी एमआरएफ का नेट प्रॉफिट 31 मार्च को खत्म चौथी तिमाही में 20.41 पर्सेंट बढ़कर 345.32 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 286.77 करोड़ रुपये था। बीएसई को सौंपे गए डाक्युमेंट में एमआरएफ ने बताया कि चौथी तिमाही में उसे 3,944.75 करोड़ रुपये की इनकम हुई, जो वित्त वर्ष 2016-17 की इसी तिमाही में 3,778.23 करोड़ रुपये थी। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2017-18 में कंपनी का कुल नेट प्रॉफिट 1,131.61 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष से 23.85 पर्सेंट कम था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का कुल नेट प्रॉफिट 1,486.22 करोड़ रुपये था। साथ ही, गुरुवार को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की हुई मीटिंग में कंपनी को प्राइवेट प्लेसमेंट बेसिस पर नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स जारी कर 500 करोड़ जुटाने की मंजूरी दी गई है।